दाम्पत्य जीवन की हार्दिक शुभकामनाएँ...

चि. अम्बर
सुपुत्र : श्रीमती माधुरी–अनिल जैन

का शुभ विवाह

सौ.कां. पारुल
सुपुत्री : श्रीमती प्रतिभा – शाहजी श्री पुष्पेन्द्र जैन

1 फरवरी 2020 को
दस्तूर गार्डन, इन्दौर में साआनंद संपन्न हुआ ।

युवक युवती परिचय विशेषांक अक्टूबर में प्रकाशित होगा

गोलालारीय दर्शन के माध्यम से हम प्रतिवर्ष विवाह योग्य युवक युवतियों के लिए परिचय पुस्तिका का आयोजन करते आ रहे हैं इस पत्रिका के माध्यम से हमारा यह प्रयास रहता है कि समाजजनों को अपने बच्चों के लिए योग्य प्रत्याशियों का चयन आसानी हो सके इसी भावना को ध्यान में रखते हुए हमने प्रथम बार 2015 में 'प्रयास' पुस्तिका का प्रकाशन किया था उसी कड़ी को आगे बढ़ाते हुए वर्ष 2016 में **गोलालारीय दर्शन** के माध्यम से माह दिसम्बर में विवाह योग्य युवक युवती परिचय विशेषांक का प्रकाशन किया गया था । वर्ष 2017 में पुन: 'प्रयास' पुस्तिका के माध्यम से हमने एक और अंक का प्रकाशन कर रिश्तों को जोड़ने का सफल प्रयास किया ।

वर्ष 2018 व 19 में हमने गोलालारीय दर्शन पत्रिका के माध्यम से इसी प्रयास को आगे बढ़ाया । हमारा ऐसा मानना है कि पेपर के माध्यम से प्रकाशित किये जाने वाले बायोडाटा संपूर्ण गोलालारीय समाज में प्रत्येक घर में पहुंचते है क्योंकि 'प्रयास' पुस्तिका में दिये गये बायोडाटा सिर्फ उन्हीं परिवारों तक पहुंच पाते हैं जिनके विवाह योग्य बच्चों के बायोडाटा उसमें प्रकाशित होते है परंतु गोलालारीय दर्शन पत्रिका में बायोडाटा के प्रकाशन से 4200 गोलालारीय परिवारों में यह पेपर पहुंचने से विवाह योग्य प्रत्याशियों के बायोडाटा की जानकारी संपूर्ण गोलालारीय समाज व प्रविष्टि देने वाले हर उस समग्र जैन परिवार तक पहुंचती है जिससे अच्छे संबंधों की चर्चा घर घर में हो पाती है हमारी कोशिश रहती है कि विवाह योग्य बच्चों के लिए सुलभ रुप से संबंधों की जानकारी मिलती रहे । इस भागदौड़ भरी जिंदगी में हमे इस जटिल कार्य को गोलालारीय दर्शन पेपर के माध्यम से सरल बनाना है।

इस प्रयास में हमें प्रत्येक नगर के प्रत्येक क्षेत्र में से ऐसे समाजजनों का सहयोग चाहिए जो अपने क्षेत्र में विवाह योग्य बच्चों के बायोडाटा को एकत्रित कर हमें प्रकाशन हेतु भेज सकें इस प्रयास में वह समाज के साथ साथ उन परिवारों का भी भला करेंगे जो अपने बच्चों के लिए योग्य प्रत्याशी की तलाश में लगे हैं ।

वर्ष 2015 से 2019 तक हमारे इस प्रयास में जुड़े है उन सभी महानुभावों का हम ह्दय से आभार व्यक्त करते हुए अभिनंदन करते है जिनके प्रयासों से हम विवाह योग्य प्रत्याशियों के विशेषांकों को समग्र जैन समाज में स्थापित कर पाये है ।

हमारा उन सभी महानुभाव से पुन: विनम्र अनुरोध करते है कि वह अपनी भागदौड़ भरी जिंदगी में से कुछ समय इस कार्य के लिए निकाल कर मई 2020 से प्रविष्टि फार्म व प्रचार सामग्री प्रकाशित कर आप तक पहुंचाने की पूरी कोशिश रहेगी । जिसे आप आपके नगर व क्षेत्र के सभी मंदिरों तक गोलालारीय दर्शन विवाह योग्य प्रत्याशी विशेषांक के पोस्टर व प्रविष्टि फार्म पहुंचा सके ।

आपके अथक प्रयासों से प्राप्त बायोडाटा को पर्यूषण पर्व की पावन समाप्ति पर गोलालारीय दर्शन पेपर में संकलित कर विशेषांक प्रकाशित कर सकेंगे । आपको उन परिवारों तक प्रविष्टि फार्म पहुंचाकर भरने हेतु प्रेरित करना है । आपका योगदान समाज के लिए तो लाभकारी होगा ही परंतु उस परिवार के लिए भी लाभकारी होगा जो अपने बच्चों के लिए योग्य प्रत्याशी का चयन चाहते हैं, हमारे इस अभियान में जो भी सदस्य जुड़ना चाहते है वे अधिक जानकारी के लिए संपर्क करे – राजेन्द्र जैन, 9424013136

परिणयोत्सव की हार्दिक शुभकामनाएँ

चि. अंकित
(सुपौत्र : श्रीमति हरवाबाई–स्व. श्री बाबूलालजी जैन)
(सुपुत्र : श्रीमति मालती–मुकेश जैन)

का विवाह

सौ.कां. अंशुल
(सुपौत्री : श्रीमति सुशीला–स्व. श्री दयाचन्द्रजी जैन)
(सुपुत्री : श्रीमति ज्योति–श्री अशोक कुमारजी जैन)

के साथ दिनांक 10 फरवरी 2020, सोमवार को
इन्दौर में साआनंद संपन्न हुआ ।

प्रतिष्ठान – मिक्की टेस्टी सेन्टर * जिनवाणी जनरल स्टोर